गुणवत्ता नीति

हम भारत में टीकाकरण के बाद उत्पन्न होने वाली किसी विषम स्थिति से निपटने हेतु निगरानी कार्यक्रम के अंतर्गत अन्य संबंधित पक्षकारों के साथ कार्य करते हुए गुणवत्तापरक सेवाएं प्रदान करने तथा वैक्सीन व वैक्सिनेशन प्रक्रिया की गुणवत्तां व सुरक्षा की निगरानी हेतु श्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम समाज के लोगों का वैक्सीस न तथा टीकाकरण कार्यक्रम में भरोसा विकसित करने के लिए टीकाकरण से संबंधित समस्त पक्षकारों के साथ स्थिर व सक्रिय रूप से साझेदारी विकसित करने का प्रयास करेंगे।

AEFI सर्विलांस प्रोग्राम टीकाकरण कार्यक्रम से संबंधित विविध पक्षकारों को AEFIs के विषय में शीघ्र संसूचन, प्रबंधन, प्रतिवेदन, अन्वेषण तथा प्रतिपुष्टि के लिए प्रतिबद्ध है।

डॉ. एम.के. अग्रवाल
उप आयुक्त **(UIP)**,
MoHFW भारत सरकार

AEFI सर्विलांस के लक्ष्य व उद्देश्य

1. शीघ्र पता लगाना, प्रतिवेदित करना तथा AEFI को सूचित करना।

2. AEFI की किसी विशिष्ट् वैक्सीन्‍ा लॉट/ब्रैंड से संबंधित असामान्यर रूप से उच्च दरों को चिन्हित करना।

3. कार्यक्रम से संबंधित त्रुटियों को शीघ्रता के साथ चिन्हित करते हुए सुधारात्मंक उपाय लागू करना।

4. जनसंख्यामसे संबंधित गंभीर AEFI दरों अनुमान लगाना तथा इनका स्थानीय तथा वैश्विक डेटा के साथ मिलान करना।

5. अवांछित विषम स्थितियों की पहचान करना तथा इन घटनाओं के विषय में नई अवधारणाएं सृजित करना जो सुनियोजित अध्ययनों तथा प्रयोगशाला परीक्षणों द्वारा संस्तुष्टि प्राप्तथहों।

डॉ. एम.के. अग्रवाल

उप आयुक्त (UIP),

MoHFW भारत सरकार